भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 833
सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025 (17 अग्रहायण, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

कलबुरगि विमानपत्तन से उड़ानों का पुनःप्रचालन

833 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) के अंतर्गत स्टार एयर द्वारा पूर्व में प्रचालित कलबुरगि-दिल्ली (हिंडन) उड़ानें बंद कर दी गई थीं, जिससे यात्रियों को कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या कलबुरगि-बंगलुरु उड़ान को पुनः आरंभ करने का प्रस्ताव एएआई के पास लंबित है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और अधिक यात्री भार के बावजूद उड़ान को बंद किए जाने सहित इसके क्या कारण हैं; और

(घ) दोनों मार्गों को पुनः आरंभ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): कलबुरगि-हिंडन मार्ग को क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के अंतर्गत दिनांक 03.01.2023 तक स्टार एयर द्वारा परिचालित किया गया था। इसके अलावा, स्टार एयर और एलाइंस एअर ने उड़ान योजना के तहत कलबुरगि-बैंगलोर मार्ग पर आरसीएस प्रचालन शुरू किया था। एलाइंस एअर ने अपने तीन वर्ष के आरसीएस कार्यकाल के पूरा हो जानें पर परिचालन बंद कर दिया, जबकि स्टार एयर ने अपने तीन साल के वीजीएफ के पूरा होने के बाद भी दिनांक 08.10.2025 तक इस मार्ग का परिचालन करना जारी रखा।

आरसीएस-उड़ान एक मांग-आधारित सतत योजना है जहां अधिक गंतव्यों और मार्गों को कवर करने के लिए समय-समय पर बोली प्रक्रिया दौर आयोजित किए जाते हैं। विशेष मार्गों पर मांग के आकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें उड़ान योजना के तहत बोली लगाने के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। यदि कोई एयरलाइन इन मार्गों को जोड़ने के लिए वैध बोलियां प्रस्तुत करती है, तो उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसार उस पर विचार किया जाएगा।

इसके अलावा, कोई भी एयरलाइन अपनी सम्यक तत्परता, यातायात क्षमता के आकलन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर उक्त क्षेत्रों पर वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन कर सकती है।

*****